उत्तर प्रदेश की लोक कलाओं की उपेक्षा

901. श्री ईश दत्त यादव : क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ललित कला अकादमी द्वार उत्तर प्रदेश की कलाओं, विशेषकर लोक-कलाओं की उपेक्षा की जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान ललित कला अकादमी द्वारा उत्तर प्रदेश की ललित कलाओं के विकास हेतु किए गये योगदान का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन कलाओं के विकास और संरक्षण हेतु सरकार की क्या योजना है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) ब्यौरे विवरण में दिए गये हैं **(नीचे देखिए)**

(घ) लोक कलाओं और ललित कलाओं के विकास और संरक्षण के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं । ललित कला अकादमी का लोक कलाओं के संरक्षण और प्रलेखन का एक कार्यक्रम है । इसका एक स्थायी कला-संग्रह और कलाकृतियों के परिरक्षण का कार्यक्रम भी है । इसके अलावा, अकादमी के पास भारत के अधिकांश कलाकारों की दृश्य और पाठ संबंधी सामग्री का अभिलेखागार भी है । **(नीचे देखिए)**

विवरण

ललित कला अकादमी का क्षेत्र में, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में ललित कलाओं के विकास के लिए लखनऊ में स्थित राष्ट्रीय ललित कला केन्द्र नामक एक क्षेत्रीय केन्द्र है । केन्द्र ललित कलाओं आदि में वार्षिक क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी वार्षिक कलाकार शिविर, प्रदर्शनियां, कार्यशालायें, सेमिनार और सम्मेलन आदि आयोजित करता है ।

विशेष रूप से, पिछले तीन वर्षों के दौरान, उत्तर प्रदेश में ललित कलाओं के विकास के लिए सीधे ही अथवा लखनऊ केन्द्र के माध्यम से आयोजित किए गए अकादमी के महत्वपूर्ण कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं :—

(1) 1990–91 में लखनऊ में लखनऊ के कला कालेज के भूतपूर्व प्रधानाचार्य, स्वर्गीय अमित कुमार हलदर की कृतियों की एक प्रदर्शनी ।

(2) 1989–90 में आगरा में आयोजित द्वितीय उत्तरी क्षेत्र कला प्रदर्शनी

(3) 34वां राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी, 1990–91 ।

(4) 1990–91 में आयोजित तीसरी उत्तरी क्षेत्र कला प्रदर्शनी ।

(5) 1990–91 में आयोजित सातवां कला मेला ।

(6) 1990–91 में आयोजित प्रथम उत्तरी क्षेत्र छायाचित्र प्रदर्शनी ।

(7) 1990–91 में आयोजित अखिल भारतीय कलाकार शिविर ।

(8) 1989–90 में लखनऊ केन्द्र आयोजित की गई मार्क-रिबाउंड के चित्रों की एक प्रदर्शनी ।

(9) 1989–90 में लखनऊ में आयोजत भारत-जर्मन लोकतांत्रिक गणराज्य के कलाकारों की एक प्रदर्शनी ।

(10) 1990 में आयोजित चीनी शिल्प छायाचित्र प्रदर्शनी ।